


# समाचार-पत्र

## सत्र- 2018-19

## जारी माह - जनवरी-मार्च

## हमारे प्रेरणा स्त्रोत



**श्री बी. के. बेहेरा**
**प्रभारी उपायुक्त**



**श्री एस. वी. जोगलेकर**
**सहायक उपायुक्त**

**पता –केंद्रीय विद्यालय क्रं - 3 इम्फ़ाल,लैमाखोंग**

**ई- मेल : kv3imphal@gmail.com दूरभाष : 0385-249214**

# केंद्रीय विद्यालय लैमाखोंग

## न्यूनतम साझा कार्यक्रम

## समाचार-पत्र सत्र 2018-19

### जारी माह – (जनवरी-मार्च)



### श्री बिप्लब सरकार

### प्राचार्य

## प्राचार्य संदेश:-

मुझे यह जानकार अत्यंत हर्ष हो रहा है कि विद्यालय का प्राथमिक विभाग इस सत्र 2018-19 का न्यूनतम साझा कार्यक्रम के अन्तर्गत समाचार पत्र प्रकाशित करने जा रहा है । इस समाचार पत्र का मुख्य उदेश्य प्राथमिक विभाग में न्यूनतम साझा कार्यक्रम एवं सहशैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत त्रेमासिक प्रगति को प्रकट करना व अभिभावकों को जानकारी देना है ।

वर्तमान समय में शिक्षा अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। जिसके लिए आवश्यक है कि हम बालकों को उसके अनुरूप करे ताकि वे इन चुनौतियों का सामना करने के योग्य हो सके । सहशैक्षिक गतिविधियों के द्वारा न केवल हम बालकों के शैक्षिक स्तर बल्कि नैतिक व मनोवैज्ञानिक विकास को भी बढ़ावा देते है। जिससे बालक भविष्य कि चुनौतियों का डटकर सामना कर सके । ये गतिविधियाँ बालकों को मिट्टी से जुड़कर आगे बढ़ाने कि प्रेरणा देती है ।

मैं समस्त प्राथमिक अध्यापकों/अध्यापिकाओं को धन्यवाद देना चाहूँगा कि उन्होने समस्त गतिविधियों को सुचारु रूप से पूर्ण करने का प्रयास किया, साथ ही केंद्रीय विद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय तिनसुकिया का भी आभार प्रकट करना चाहूँगा कि उन्होने समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों हेतु आवश्यक निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान किए ।

*( शिक्षा वह सर्वोतम कुंजी है जो हर ताले को खोल देती है )*

# संपादक की कलम से




प्राथमिक स्तर बालकों की व्यावहारिक शिक्षा का प्रथम स्थल होता है । जहाँ बालक घरेलू वातावरण से निकल कर असीम सपनों के साथ आता है। वह आशा करता है कि उसे यहाँ पारिवारिक माहौल प्रदान हो ताकि वह बिना भय व दबाव के शिक्षा प्राप्त कर सके । प्राथमिक स्तर पर सहशैक्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक गतिविधियाँ उसे इस तरह का माहौल प्रदान करती है कि वह स्वयं के विचार अभिव्यक्त करना , नेतृत्व करना व सामाजिक गुणों का विकास करना सीखाता है । यह स्तर बालकों को मजबूत आधार प्रदान करता है जिस पर वह स्वयं के सपनों की इमारत का निर्माण करता है ।

हम पंछी उन्मुक्त गगन के ,

पंख हमें फैलाने दो ।

नीले –नीले इस अंबर में ,

हमको भी उड जाने दो ।।

हम प्यारे से फूल खिले है ,

हमसे सारा जग महकेगा ।

प्यारी सी इस बगिया में ,

हमको भी खिल जाने दो ।।

हम हैं राही उस पथ के

जिस पथ पर चला जमाना है ।

अब मत रोको हमको ऐसे

आगे हमें बढ़ जाने दो ।।

हमसे जग का नाम ही होगा ,

हम मिल जग का नाम करेंगे ।

हम हैं दीपक इस दुनिया के ,

हमको भी जग जाने दो ।।

हम पंछी उन्मुक्त गगन के ,

पंख हमें फैलाने दो ।।

**पवन कुमार 'रोलन'(प्राथमिक अध्यापक)**

## <u>उपयोगी संपर्क:-</u>

*KV Leimakhong – http://www.kvleimakhong.edu.in*

*KV Sanghatan- http://www.kvsanghatan.nic.in*

*KVS RO Tinsukia- http://www.kvsrotinsukia.org*

*KVS Shaladarpan –http://darpan.kvs.gov.in/shaladarpan/*

*KVS Uees Portal –http://epay.unionbankofindia.co.in/kvfee/*

# विद्यालय प्रांगण




# प्रार्थना सभा



**<u>दिन की शुरुआत ईश वंदन के साथ</u> ----**

*कि हे परमपिता परमेश्वर हमारा दिन अच्छा हो, हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर तथा अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का मार्ग प्रदान करे ।*

*( प्रातः कालीन प्रार्थना सभा करते कक्षा तीन के विद्यार्थी )*


# चित्रकारी एवं शिल्पकारी





**चित्रकारी और शिल्पकारी बालकों की छिपी हुई सृजनात्मक प्रतिभा को उभारने का एक मंच है।**

# रचनात्मक लेखन




रचनात्मक लेखन वह मंच होता है, जहां बालक अपने मन के भावों को शब्दों के जरिए कागज पर उतारता है। रचनात्मक लेखन की कुछ झलक।

*( कक्षा तीन और पाँच के बालकों के कुछ रचनात्मक लेख )*

# शुद्ध पानी की सुविधा



बालकों को विद्यालय में पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उदेश्य से प्राथमिक विभाग में दो आर ओ की व्यवस्था की गई है। जिससे बालक शुद्ध जल का सेवन कर सके। साथ ही वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है जिससे गर्मियों के दिनों में बालकों को ठंडा जल मिल सके।

*अभिभावकों को सुझाव:-*

*=बालक यदि वाहन के माध्यम से आता है तो उसे उसके वाहन की पहचान करवाए।*

*= उनकी डायरी में वाहन नंबर एवं वाहन ड्राइवर के नंबर लिखे।*

*= नाश्ता सुबह के काम को स्फूर्ति देता है , स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ाता है। बालक को सुबह का नाश्ता अवश्य करवा कर भेजे साथ ही दोपहर का पोष्टिक भोजन देकर भेजे। ( फास्ट फूड और जंक फूड न भेजे )*

*= बालक की प्रगति के लिए समय- समय पर अध्यापक से संपर्क करे।*

## 70 वे गणतन्त्रता दिवस की कुछ झलकियाँ



26 जनवरी 2019 को देश का 70 वाँ गणतंत्रता दिवस विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें नन्हें बच्चों ने देश के प्रति और अमर जवानों की शहादत को नमन करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी। इस ऐतिहासिक दिवस की कुछ झलकियाँ

## (प्रदर्शनी पट्ट)

हर बालक चित्रकार होता है । प्रदर्शन पट्ट विद्यालय के बालकों की इस प्रतिभा को दर्शाते है । विद्यालय के प्रत्येक विभाग के प्रदर्शन पट्ट ।



## ***न्यूनतम साझा कार्यक्रम कक्ष***

*न्यूनतम साझा कार्यक्रम कक्ष मनोरंजन व चलचित्रों के माध्यम से सीखने का प्रमुख स्थान है । जहाँ बालक पूर्ण आनंद के साथ ज्ञानवर्धक चीजें सीखते है ।*

*(कक्षा द्वितीय के बालक फिल्म-सो के माध्यम से सीखते हुए )*



## ग्रैंड पैरेंट्स डे*(एक दिन बुजुर्ग माता-पिताओं के नाम)*



***एक दिन बुजुर्ग माता-पिताओं के नाम** – प्राथमिक विभाग के बालक अपने दादा-दादी, नाना- नानी के प्रति अपने प्रेम को जाहिर करते हुए । उनको बचपन की याद दिलाते हुए उनके लिए खेल का आयोजन और अपने विचार नाटक और नटखट गीतों के द्वारा प्रस्तुत करते हुए ।*

# कब्स एवं बुलबुल गतिविधियाँ



विश्व विचार दिवस के दिन कब्स एवं बुलबुल के द्वारा दी गई कुछ प्रस्तुतियाँ।

# चिकित्सकीय परीक्षण




*शिक्षा एवं खेलकूद के साथ-साथ बालकों की चिकित्सकीय जांच भी जरूरी है । विद्यालय में आयोजित सत्र का द्वितीय चिकित्सकीय परीक्षण शिविर ।*

# हमारे चमकते सितारे




कक्षा द्वितीय के छात्र कुशवाह कार्तिकेय एवं कक्षा चार की छात्रा आम्रपाली कुशवाह द्वारा (व्यक्तिगत स्तर पर भाग लेते हुए) उत्तर पूर्वी राज्य कराटे व भारतीय कराटे संघ द्वारा डिमापुर (नागालेंड) में आयोजित छठी राष्ट्रीय स्तरीय उत्तर-पूर्वी कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया ।

# हमारे रचनाकर




प्रथम पंक्ति (बाएँ से दाएँ) - कु. रीना(प्रा.अ.),श्री अनिल राणा (कार्यवाहक प्र.अ.), श्री बिप्लब सरकार (प्राचार्य), श्री पवन कुमार(प्रा.अ.)

द्वितीय पंक्ति (बाएँ से दाएँ)- कु.शशि रानी(प्रा.अ.),कु. आशा देवी(प्रा.अ.), श्री मोहित कुमार(प्रा.अ.),श्री संदीप कुमार(प्रा.अ.), श्री प्रदीप कुमार(प्रा.अ.), श्री हिमांशु(प्रा.अ.), श्री भीमशंकर सिंह(प्रा.अ.),श्री टेकनाथ मैनाली(सहायक)